जलप्रदायन के संबंध में हुई समीक्षा बैठक

बड़वानी। नगरपालिका सभागृह में 6 जनवरी को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं समस्त पार्षदगणों द्वारा जलप्रदाय के संबंध में समीक्षा बैठक की गई। जिसमें निकाय के सहायक यंत्री व समस्त उपयंत्री अधिकारी/कर्मचारी उपस्थिति हुए। इस दौरान मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा जलप्रदाय वितरण प्रभारी एवं वाल्वमेन को शासन से प्राप्त निर्देश अनुसार आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिसमें शहरी क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रणाली की अनुरक्षण व्यवस्था, पाईप लाईन रिसाव पहचान, पेयजल गुणवता सुनिश्चित करने जैसे बिन्दुओं पर चर्चा की। साथ ही वाल्वमेनो को उनके अधिनस्थ वार्डों में किसी भी प्रकार की यदि पेयजल संबंधित को समस्या हो, तो तत्काल नोडल अधिकारी एवं जलप्रदाय प्रभारी से संपर्क कर उसे दुरूस्त कराए। वहीं पानी की टंकियों व वाल्व के आसपास की सफाई का विशेष ध्यान रखे।

पर्ची जनरेट, राशन गायब, अनियमितता की शिकायत

पर्ची बनने के बाद भी महीनों से राशन नहीं मिलने का आरोप, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, मिला आश्वासन

सेंधवा, (रमन बारखड़े)।

ग्रामीण क्षेत्र की एक शासकीय उचित मूल्य दुकान में राशन वितरण को लेकर गंभीर शिकायत सामने आई है। पर्ची जनरेट होने के बावजूद लाभार्थियों को राशन नहीं मिलने, धमकी देने और खाद्यान्न के दुरुपयोग के आरोप लगाए गए हैं। मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। सेंधवा अनुविभाग के ग्राम पंचायत सोनखेड़ी के ग्रामीण मंगलवार दोपहर एसडीएम कार्यालय पहुंचे और राशन वितरण में हो रही अनियमितताओं की शिकायत की। ग्रामीणों ने एसडीएम आशीष को ज्ञापन सौंपते हुए शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालन पर सवाल उठाए और जांच की मांग की।

पर्ची जनरेट, फिर भी नहीं मिलता राशन

ग्रामीणों का आरोप है कि राशन दुकान संचालक केवाईसी के नाम पर मशीन में अंगूठा लगवाकर पर्ची जनरेट कर देता है, लेकिन इसके बावजूद राशन नहीं दिया जाता। कई ग्रामीणों ने पिछले 5 से 8 माह से राशन नहीं मिलने की शिकायत दर्ज कराई है।

धमकी और खाद्यान्न के दुरुपयोग का आरोप

ग्रामीणों की शिकायत पर एसडीएम आशीष ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि यदि जांच में अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

ग्रामीणा ने बताया कि राशन मांगने पर दुकान संचालक धमकी देता है। आरोप है कि ग्राम पंचायत के लिए निर्धारित खाद्यान्न का गलत उपयोग किया जा रहा है, जिससे जरूरतमंद और गरीब परिवारों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

एसडीएम ने जांच का दिया आश्वासन

ग्रामीणों की शिकायत पर एसडीएम आशीष ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि यदि जांच में अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष सीताराम बर्डे, ग्रामीण कैलाश, मांगीलाल, प्रेमसिंग, चंपालाल, दिनेश, अमरसिंग और जनपद सदस्य प्रतिनिधि जितेंद्र डावर सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

दुरूपयोग के आरोप

- खाद्यान्न के दुरूपयोग के आरोप लगाए गए हैं।
- ग्रामीणों ने की जांच की मांग।

मंडलोई का 63वां जन्मदिवस मनाया

निवाली। नगर से 7 किमी दूर ग्राम फुलज्वारी के शासकीय एकीकृत मावि में स्टॉफ एवं बच्चों ने शोभाराम मंडलोई का 63वां जन्मदिवस मनाया एवं बधाई दी। मंडलोई का पुष्प माला से स्वागत कर केक काटकर जन्मदिवस मनाया। इस अवसर पर बीएसई गोविंद मोरे, एबीएसई पवन दास, जनशिक्षक पंकज चौहान, वरिष्ठ शिक्षक संतोष शितोले, शिक्षक सोहन डावर, अतिथि शिक्षक जय शितोले, संतोष सोलंकी, अनिल आर्य, दिनेश सावले उपस्थित थे।

कांग्रेस ने घंटा बजाकर निकाली रैली

पानसेमल, (नवभारत)।

इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई मौतों के बाद नगर में कांग्रेस पार्टी ने विरोध दर्ज कराया। जिम्मेदारों पर घोर लापरवाही के आरोप लगाते हुए प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन किया। उन्होंने उल्लेख किया कि प्रशासन मंत्री ने असभ्य तरीके से व्यवहार कर अशोभनीय शब्द का इस्तेमाल किया, जो अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने की कोशीश है। ब्लॉक कांग्रेस एवं अनुसांगिक संगठनों ने बाबा साहब उद्यान के निकट पुतला दहन करते हुए प्रदर्शन किया और घंटा बजाकर रैली निकाली व थाने पर तहसीलदार सुनील सिसोदिया को ज्ञापन सौंपकर घटना के जिम्मेदार लोगों के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई कर पद से बर्खास्त करने की मांग की है। प्रदर्शन के दौरान दोनों ओर वाहन खड़े नजर आए ज्ञापन का वाचन आदिवासी जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोंटा खेड़कर ने किया। पीसीसी सदस्य अजय मिश्रा, कांग्रेस महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव सुभद्रा परमार, जिला उपाध्यक्ष शिवकुमारी, ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष भारती खतरे, सेंधवा ब्लॉक अध्यक्ष ऊषा सेनानी, ब्लॉक कागेस अध्यक्ष रवि पाटिल, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष दिलीपराव शितोले, नगर अध्यक्ष सुभाषराव शितोले, जपं उपाध्यक्ष लालसिंह पवार, जपं सदस्य मोतीराम सोलंकी, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष आदित्य गोयल आदि थे

एक दिवसीय कार्यशाला का किया आयोजन

निवाली (नवभारत)।

शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं पर रोक लगाने एवं महाविद्यालयीन विद्यार्थियों को यातायात के नियमों से भली-भांति परिचित कराने के उद्देश्य से महाविद्यालय में कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ तावड़े ने किया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें और परिवार एवं समाज को भी इसके लिए जागरूक करें।

थाना प्रभारी रामकृष्ण लोवंशी ने विद्यार्थियों को यातायात के प्रमुख नियमों, सड़क संकेतों, ट्रैफिक सिग्नल, गति सीमा, ज़ेब्रा क्रॉसिंग, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान सड़क दुर्घटना की स्थिति में प्राथमिक उपचार, एंबुलेंस सेवा का सही उपयोग तथा आपातकालीन नंबरों की जानकारी भीदी। साथ ही साइबर अपराधों पर विशेष रूप से प्रकाश भी डाला। कार्यक्रम का संचालन प्रो अनारसिंह किराड़े ने किया इस दौरान थाना पुलिस विभाग व कॉलेज स्टॉफ के साथ छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

सात दिवसीय शिविर का हुआ समापन

नवभारत न्यूज़
पानसेमल, 07 जनवरी.

अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा आयोजित 7 दिवसीय विशेष शिविर समापन समारोह के साथ सम्पन्न हुआ। समापन सत्र में प्राचार्य प्रो संगीता भंडारी ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने स्वयंसेवकों को बधाई देते हुए कहा कि शिविर से विद्यार्थियों में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिला है। इस तरह की गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से निरंतर सहभागिता करते हुए अपने विकास के साथ-साथ देश के विकास में योगदान देने का आह्वान किया।

डॉ मंजुला चौहान ने शिविर के दौरान प्रतिदिन आयोजित गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में बालझिरी पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि राजाराम जाधव एवं विशेष अतिथि के रूप में ग्राम टाकली के पटेल प्रतिनिधि अरविंद जाधव उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता के रूप में थाना प्रभारी मंसाराम वगेन तथा द्वितीय वक्ता के रूप में मॉडल स्कूल के प्राचार्य डॉ संदीप शिंदे उपस्थित रहे। थाना प्रभारी श्री वगेन ने अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं प्राचार्य डॉ शिंदे ने एनएसएस के महत्व और इसके माध्यम से व्यक्तित्व निर्माण पर अपने विचार व्यक्त किए। कन्या शिक्षा परिसर स्कूल के प्राचार्य संतोष पवार ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। समापन सत्र के अंत में शिविर में सहभागिता का प्रमाण-पत्र का किया गया। शिविर में 51 छात्राएं एवं 50 छात्र सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक अर्जुन सोलंकी ने किया एवं आभार प्रदर्शन कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुभाष मंडलोई ने

यह रह उपस्थित

समापन सत्र में डॉ आशा चौहान, डॉ निशा वास्कले, डॉ राजेश दिवाकर, प्रो अभिनव पांडे, संतोष चौहान, रिक्षिता भंडारी, रितेश मकवाने व स्टॉफ उपस्थित रहा।

जब पक्षी सुरक्षित होंगे, तभी सुरक्षित रहेगा पर्यावरण

- राष्ट्रीय पक्षी दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित

इंदौर. राष्ट्रीय पक्षी दिवस के अवसर पर मालवमंथन द्वारा इंदिरा गांधी नगर गोल बागीचा में आयोजित पक्षी-संवर्धक वनस्पति पौधारोपण एवं संवाद कार्यक्रम पर्यावरण चेतना का सशक्त संदेश देकर संपन्न हुआ. कार्यक्रम का उद्देश्य शहरी परिवेश में पक्षियों के लिए अनुकूल वातावरण विकसित करना तथा नागरिकों को पक्षी संरक्षण से जोड़ना रहा. बड़ी संख्या में पर्यावरण प्रेमियों, और स्थानीय नागरिकों की सहभागिता ने आयोजन को सार्थक बनाया.कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पर्यावरणविद् डॉ.ओ.पी.जोशी ने कहा कि पक्षी पर्यावरण संतुलन के सबसे विश्वसनीय संकेतक हैं. वे कीट नियंत्रण, परागण और बीज प्रसार के माध्यम से प्रकृति की स्वच्छता बनाए रखते हैं. उन्होंने कहा कि किसी भी शहर में पक्षियों की घटती संख्या वहां के बिगड़ते पर्यावरण की चेतावनी है, इसलिए पक्षी संरक्षण को नगर विकास की अनिवार्य नीति का हिस्सा बनाया जाना चाहिए. साहित्यकार हरेराम वाजपेयी ने कहा कि पक्षी प्रकृति के प्रतिनिधि हैं. उनकी चहचहाहट, उड़ान और मौन तीनों ही मनुष्य को प्रकृति से संवाद करना सिखाते हैं. उन्होंने कहा कि जब पक्षी संकट में होते हैं, तब समझ लेना चाहिए कि प्रकृति स्वयं संकट में है. पक्षियों को बचाना केवल जैविक दायित्व नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और मानवीय जिम्मेदारी भी है.

पक्षी अनुकूल पौधों का किया रोपण

कार्यक्रम की रूपरेखा और उद्देश्य की जानकारी देते हुए डॉ. स्वप्निल व्यास ने बताया कि इस अवसर पर गूलर, बादाम, कचनार, जाम, जामुन, अमलतास, हरड़, लक्ष्मीतरु, पाकड़, अर्जुन, पुत्रजीवा, मौलसरी तथा सिंगापुर चेरी जैसे पक्षी-अनुकूल पौधों का रोपण किया गया.ये सभी पौधे पक्षियों को भोजन, आश्रय और घोंसले के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करते हैं.

आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को उपलब्ध कराई नि:शुल्क चिकित्सा

- वर्मा नर्सिंग होम ने पेश की सेवा

इंदौर. भागीरथपुरा में अचानक फैले उल्टी-दस्त के प्रकोप को देखते हुए मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक रमेश मैंदोला, महापौर पुष्यमित्र भार्गव देर रात वर्मा नर्सिंग होम के डायरेक्टर डॉ अभ्युदय वर्मा के साथ आपातकालीन बैठक की. बैठक में निर्णय लिया कि हर मरीज को सर्वोत्तम व नि:शुल्क इलाज मिले. क्षेत्र के मरीजों के आसान पंहुच हेतु वर्मा नर्सिंग होम में मरीजों के नि:शुल्क इलाज की घोषणा की गई. इसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को बिना विलंब उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवा प्रदान करना था.

इसके बाद वर्मा नर्सिंग होम की टीम ने संकट की घड़ी मे सेवा की मिसाल पेश की. संसाधनों और मेन पावर की चुनौतियां को स्वीकार करते हुए मिशन मोड पर कार्य शुरू किया. डॉ अभ्युदय वर्मा, डॉ. दीपिका वर्मा, डॉ. रक्षा वर्मा, अथर्व वर्मा के नेतृत्व में मेडिकल टीम ने लगातार दिन रात काम कर अत्यधिक गंभीर स्थिति में पंहुच चुके दर्जनों मरीजों को जीवन दान दिया और आपदा नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इंदौर का दौरा किया, उन्होंने वर्मा अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात की.

डॉ अभ्युदय वर्मा ने कहा कि आपदा में जनसेवा का अवसर मिलना गर्व की बात है. सहज और कम शुल्क में उपचार स्वर्गीय पिता डॉ. सुरेश वर्मा की कार्यशैली रही है, उसी परम्परा को आज भी निभाया जाता है. डॉ. दीपिका वर्मा ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के विजन और लीडरशिप से ही इस आपदा पर नियंत्रण पाया जा सका. उन्होंने आवश्यक संसाधन भी उपलब्ध करवाए.

समस्या शहर की 100 से ज्यादा कॉलोनियों से आ रही हैं नर्मदा लाइन में ड्रेनेज का पानी मिलने की शिकायतें

करोड़ों खर्च हुए, पर पेयजल पाइप लाइन में गंदगी मिलना बंद नहीं हुई



इंदौर. नर्मदा पाइप लाईन में सीवरेज की गंदगी से पानी दूषित होने की समस्या शहर के अनेक क्षेत्रों से सामने आ रही है. 30 साल में 4 मास्टर प्लान बने, करोड़ों रुपए खर्च हुए, लेकिन पेयजल पाइप लाइन में सीवरेज की गंदगी मिलना बंद नहीं हुई. शहर की 100 से ज्यादा कॉलोनियों में नर्मदा लाइन में ड्रेनेज का पानी मिलने की शिकायतें हैं. वैसे यह समस्या वर्षों पुरानी है और झोन से लेकर निगम मुख्यालय तक शिकायतों का अंबार लगा पड़ा है, लेकिन अधिकारी उन पर ध्यान ही नहीं दे रहे हैं. इस अनदेखी के चलते ही भागीरथपुरा की घटना हुई. अगर नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारी अब भी नहीं चेते तो भागीरथपुरा की घटना की तरह ही शहर के किसी भी हिस्से में कभी भी घट सकती है.

दूषित पानी की समस्या मजदूर क्षेत्र और घनी बस्तियों की तंग गलियों में बसी सोमनाथ की जूनी चाल क्षेत्र में भी देखने को मिली. यह बस्ती वार्ड 46 में आती है. यहां के रहवासियों ने बताया कि क्षेत्र की समस्याओं को लेकर क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति अगर शिकायत दर्ज करवाता है तो उसका निराकरण करने के बजाए अधिकारी कंप्लेंट हटवाने की बात करते हैं. यह गंभीर बात क्षेत्र में रिपोर्टिंग करते समय नवभारत के सामने भी उजागर हुई. दरअसल मामला कुछ यूं है कि सोमनाथ की जूनी चाल गली नंबर तीन में सीवरेज के लीकेज होने से गटर की गंदगी घरों में बनी पानी की हौज में पहुंच रही है, जिससे पीने का पानी तो दूषित हो ही रहा है, साथ ही इससे बदबू भी आती रहती है. इससे क्षेत्रवासी बीमार हो रहे हैं. क्षेत्र में जो दूषित पानी की समस्या है, उसका मुख्य कारण सीवरेज के लीकेज ही हैं. इस संबंध में क्षेत्र की एक महिला द्वारा कई बार शिकायत दर्ज करवाई. इस पर दो अधिकारी आकर उक्त महिला को समझा गए कि निराकरण हो जाएगा.

यह बोले रहवासी...

चेंबरों का पानी कई घरों में भर जाता है. मेरे घर की पानी की हौदी में भी गटर की गंदगी भर चुकी है. ऐसा पानी पिएंगे तो क्या होगा. मैंने तीन बार शिकायत दर्ज करवाई, पर कोई सुनवाई नहीं हुई.
- शकुंतला सिसोदिया

थोड़ी-बहुत सफाई कर छोड़ देते हैं. पीछे की लाईन पूरी चोक है, जिसका गंदा पानी घर में आ रहा है. इसके अलावा पीने का पानी भी गंदा आ रहा है, जिससे लोग बीमार पड़ रहे हैं.
- लक्ष्मी रघुवंशी

चेंबर साफ करने के बावजूद हर दूसरे दिन गंदगी सड़क पर बहती है. कर्मचारी कहते हैं कि चेंबर टूटा हुआ है, जब उन्हें पता है तो इसको सुधारते क्यों नहीं, ऐसे में नर्मदा पानी दूषित होना संभव है.
- पिंटु दास

नल 15-20 मिनट ही आते हैं, उसमें भी पहले 5-10 मिनट पानी बहुत ही गंदा आता है, जब पानी साफ आता है तो नल चले जाते हैं. कई सालों से लोग कुएं से पानी ला रहे हैं.
११- किशन सिंह

सुधार के लिए मैं खुद हर गली में सर्वे कर रही हूं

क्षतिग्रस्त चेंबरों को दुरुस्त कर रहे हैं, लाइनों को चेक करके बदल रहे हैं, मैं स्वयं वार्ड के हर गली में सर्वे कर रही हूं, कर्मचारियों द्वारा कंप्लेंट कटवाने का दबाव बनाने वाली घटना को लेकर मैं झोनल अधिकारी से बात करूंगी.

चाइनीज मांझे पर पुलिस की सख्त कार्रवाई, तीन को पकड़ा

- बेचने और उपयोग दोनों पर पुलिस ने किया प्रहार
- चंदन नगर, द्वारकापुरी व अन्नपूर्णा

नव भारत न्यूज

इंदौर. पुलिस कमिश्नरेट द्वारा प्रतिबंधित चाइनीज मांझे के खिलाफ सख्त और प्रभावी कार्रवाई लगातार जारी है. मानव जीवन के साथ ही पशु पक्षियों के लिए घातक साबित हो रहे नायलॉन और धात्विक तत्वों से बने चाइनीज मांझे के विक्रय व उपयोग पर पुलिस ने शिकंजा कसते हुए तीन आरोपियों को पकड़ा है.

पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत चंदन नगर, द्वारकापुरी और अन्नपूर्णा थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की. इस दौरान चाइनीज मांझा बेचने वाले दो आरोपियों और इसका उपयोग कर पतंग उड़ाने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया. आरोपियों के कब्जे से प्रतिबंधित चाइनीज डोर भी जब्त की हैं. द्वारकापुरी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर किराने की दुकान से

चाइनीज मांझा बेचते हुए वृंदावन चौरसिया (43 वर्ष) निवासी द्वारकापुरी को पकड़ा. वहीं, चंदन नगर पुलिस ने मदीना मस्जिद के पास से अय्यूब मंसूरी निवासी नंदन नगर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सात चाइनीज मांझा की गिरनियां जब्त कीं. आरोपी की दुकान को सील भी किया गया.

नशे के लिए पैसे नहीं दिए तो पत्नी का सिर फोड़ा

इंदौर. अशोक नगर क्षेत्र में नशे के लिए रुपए मांगने से मना करने पर एक व्यक्ति ने पहले अपनी पत्नी के साथ मारपीट की और फिर बीच-बचाव करने पहुंचे साले को भी नहीं बख्शा. दोनों के साथ जमकर मारपीट कर आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी.

पीड़िता रेखा जैन ने पुलिस को बताया कि उसका पति नशे की हालत में घर पहुंचा और पैसों की मांग करने लगा. रुपए देने से इनकार करने पर वह आक्रोशित हो गया और मारपीट करते हुए.

एक नजर में

अभिनेता धर्मेंद्र को गीतों से दी श्रद्धांजलि

महू. संस्कृति म्यूजिक ग्रुप एवं राज जनकल्याण सामाजिक संस्था द्वारा स्थानीय चौपड़ा वाटिका में रविवार की शाम को दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र देओल को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उद्देश्य से स्वर वेणी संगीत संध्या का आयोजन किया गया. इसमें संगीत, रंगमंच और सामाजिक सरोकारों का अनूठा संगम देखने को मिला. कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र श्रीवास एवं रंगमंच कलाकार पवन मेहरा, सरोज नीम ने स्व. धर्मेंद्र, सनी देओल और अभिनेत्री हेमा मालिनी की भूमिकाओं का प्रभावशाली अभिनय प्रस्तुत किया. वहीं, स्वर वेणी संगीत संध्या में कार्यक्रम के सूत्रधार राजकुमार बागड़ी रहे, जबकि संगीत संयोजन की जिम्मेदारी संजय दीवान ने निभाई. इस अवसर पर शहर के अनेक गायक-गायिकाओं ने अपनी प्रस्तुति दी. इनमें संजय अग्रवाल, सीपी शर्मा, अतुल शुक्ला, योगेश पहारे, उमेश यादव, राजकुमारी सोनी, पायल सोलंकी, सोनू डॉलर, ओमप्रकश बारसे, मोनू कर्मी, गुनगुन देशवाल, प्रदीप शर्मा सहित अन्य गायक कलाकार शामिल रहे.

श्री एकेडमी में विद्यार्थियों को बताए यातायात नियम

महू. कोदरिया स्थित विद्यालय श्री एकेडमी में पुलिस के यातायात जागरूकता अभियान के तहत कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया. इस अवसर पर ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों एएसआई कैलाश बंजारा, एएसआई ओमप्रकाश डोडिया, प्रधान आरक्षक सुरेश गेहलोद, आरक्षक सुरेन्द्र जमता द्वारा विद्यार्थियों को यातायात नियमों एवं सावधानियों से अवगत कराया गया. इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों से यातायात संबंधी प्रश्न पूछे. विद्यार्थियों ने भी पुलिस अधिकारियों से प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया. इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों ने ट्रैफिक नियमों को पालन करने का संकल्प लिया. कार्यक्रम का संचालन श्री एकेडमी के डायरेक्टर डॉ. राजेश कुमार पाटीदार ने किया. आभार प्रदर्शन प्राचार्या डॉ. हेमलता पाटीदार ने किया. सभी पुलिस अधिकारियों का विद्यालय परिवार की ओर से तिरंगा पट्टिका से सम्मान किया गया.